Title: Need to ensure remunerative price for potato in the country.- Laid

श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर): अध्यक्ष महोदय, देश में इस र्वा आलू का उत्पादन बहुत अधिक हुआ है। इस कारण देश में आलू का मूल्य, लागत मूल्य से भी नीचे चला गया है। देश का आलू किसान आर्थिक दृटि से जर्जर हो गया है। शीतगृहों में जो आलू रखा गया है, उसमें आलू 40रू0 प्रति बोरा से अधिक दाम नहीं मिल पा रहे हैं1 बहुत से किसान तो, कोल्ड स्टोरेजों में रखा हुआ आलू उठाना ही नहीं पसन्द कर रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र बिल्हौर आलू उत्पादन का सबसे बड़ा केन्द्र है, और उसके पड़ोस कन्नौज, फरूर्खाबाद आलू उत्पादन का देश में सबसे बड़ा केन्द्र है। किसान भुखमरी की कगार पर खड़े हैं।

मेरा कृाि मंत्री जी से विशेा आग्रह है कि आलू किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए, आलू निर्यात के लिए सरकार योजना बनाये। किसानों को आलू का उचित मूल्य कैसे मिले, इसके लिए एक नीति की घोाणा करे ताकि आलू का किसान आर्थिक संकट से बच जाये।